CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2011 - Set 200/1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त उदाहरण देते हुए लगभग 10-10 शब्दों में दीजिए :

(क) व्यंजन रेखा 'व' को आधा करने से किस प्रत्यय का योग होता है ?

(ख) व्यंजन रेखा 'म' से कौन सा उपसर्ग प्रकट होता है ?

(ग) संक्षिप्ताक्षर में कम से कम कितनी व्यंजन रेखाएँ होती हैं ?

(घ) वक्र रेखाओं के अंदर लिखे गये एक प्रारंभिक बड़े हुक से किस व्यंजन का योग होता है ?

(ङ) आशुलिपि में 'व्यंजनों पर काट' का क्या अभिप्राय है ?

(च) अंत में 'न' के बाद स्वर आए तो न के लिए हुक का प्रयोग करेंगे या रेखा का ?

2(क). न तथा व हुक के नियम सीधी एवं टेढ़ी रेखाओं के साथ दो-दो उदाहरण सहित बताइए ।

2(ख). र तथा ल हुक का अंतर सीधी रेखाओं के साथ दो-दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

2(ग). संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं ? 'क' वर्ग व्यंजन के संयुक्त व्यंजनों के उदाहरण दीजिए ।

3. उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है ? नव तथा आत्म उपसर्गों का प्रयोग करते हुए 3-3 शब्द बनाइए और उनके आशुलेख दीजिए ।

4(क). वक्र रेखाओं को दुगुना करने के दो नियम दो-दो उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

4(ख). म, न, र तथा ल व्यंजन रेखाओं को मोटा और आधा करने से क्या होता है ? दो उदाहरण देते हुए बताइए ।

OR

4. अर्द्धकरण नियम क्यों उपयोग में लाया जाता है ? हल्की व गहरी रेखाओं को अकेले होने पर किन व्यंजनों के लिए आधा किया जाता है ? उदाहरण सहित समझाइए ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) जुट शब्द का क्या अर्थ है ? उदाहरण दीजिए ।

(ख) संख्याओं को आशुलिपि में किस प्रकार प्रकट करते हैं ? 3000 करोड़ रुपये को आशुलिपि में लिखिए ।

(ग) विपरीतार्थक (नकारा) शब्दों का क्या अर्थ है ? स्त्री और जीवन शब्दों के विपरीतार्थक शब्द एवं आशुलेख बनाइए ।

(घ) पुनरावृत्ति या दो बार आनेवाले शब्दों को आशुलिपि में किस प्रकार प्रकट करते हैं, उदाहरण देकर समझाइए ।

6. निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(i) न्यायपालिका

(ii) वकालत नामा

(iii) लोकसभा सचिवालय

(iv) वर्षाकालीन अधिवेशन

(v) विरोधी पक्ष

(vi) मिसाल के तौर पर

(vii) गुजरात

(viii) मध्य प्रदेश

(ix) इतवार

(x) शुक्रवार

(xi) चन्द्रमा

(xii) दिसम्बर

- End of Question Paper -